## सार-समाचार

### अमावस्या पर सार्वजनिक तर्पण



**उदयपुर, (कासं)।** बजरंग सेना मेवाड ने गंगा जी का चौथा पाया गंगू कुंड पर सर्व पित्र मोक्ष अमावस्या पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। बजरंग सेना मेवाड के प्रमुख कमलेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि इस अवसर पर पंडित यज्ञ नारायण शर्मा, पंडित रणछोड दास जोशी के सानिध्य में 11 पंडितों की अगुवाई में सैकडों श्रद्धालुओं को यह सार्वजनिक देव यज्ञ, ऋषि यज्ञ, पितृ यज्ञ, ज्ञात अज्ञात पितरों, माता पिता, भाई, बहन, नाना, नानी कुटुंब, ससुराल पक्ष, ननिहाल पक्ष आदि का गंगाजल,दूध काले तिल, कुशा, पंचमेवा, चंदन, आदि से तर्पण कर विष्णु पूजन कर कार्य को पूर्ण संपादित किया।

### तीन हमलावर गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** आपसी रंजिश के चलते चाकू से हमला कर दो व्यक्तियों को घायल करने वाले तीन आरोपियों को अम्बामाता थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार शहर के अम्बामाता थानाक्षैत्र बडगांव नहर के समीप बैठे मालियों की होटल चकलवास निवासी कुलदीप पुत्र महेश जोशी, मजावत गोगुन्दा निवासी प्रमोद पुत्र सुरेश कुमार जोशी, मादा गोगुन्दा निवासी विनोद पुत्र मांगीलाल सुथार, 23 सितंबर रात में बडगांव नहर के पास बैठे थे। इस दौरान बाइक पर आए आरोपी पालडी कटारा निवासी भारतसिंह उर्फ भानु प्रतापसिंह पुत्र रूपसिंह चौहान, कठार निवासी ललित पुत्र प्रभूलाल सुथार रामगिरी बड़गांव निवासी विक्रमसिंह उर्फ ठाकर पुत्र तेजसिंह चाकू से प्राणघातक हमला कर फरार हो गए। इसकी सूचना मिलने पर परिजनो ने तीनों को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करावाया। सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### नकदी व जेवरात चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** प्रतापनगर थाना क्षैत्र में स्थित माताजी के देवरे का अज्ञात चोर ताला तोड़ कर चोर नकदी व जेवरात चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतापनगर थानाक्षेत्र रेबारियों का गुड़ा स्थित शक्तिपीठ सुभद्रा नीमज माता मंदिर देवरे का 23 सितंबर रात में अज्ञात चोर ताला तोड़ कर दो म मूर्तियों के चांदी के मुकुट, सोने की नथ, तलवार, दानपेटी से नकदी चुरा ले गए। दूसरे दिन पता चलने पर व्यवस्थापक रेबारियों का गुड़ा निवासी फतेहलाल रेबारी पुत्र भंवरलल ने पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवया। वारदात के दौरान देवेंरे के भोपा व अन्य लोग चेनल गेट का ताला लगा कर मंदिर परिसर में ही सोए थे एवं रात में आए चोर वारदात कर फरार हो गए। इस दौरान किसी को भनक तक नहीं लगी । मामले की जांच एएसआई पर्वतसिंह कर रहे है।

### शारीरिक संबंध बनाने का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** नाबालिग को घर ले जाकर उसके साथ शीररिक संबंध बनाने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित ने आरोपी सुमीत खोखावत पुत्र मुकेश के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि24 सितंबर के आरोपी मेरे नाबालिग पुत्र को बहला फुसला कर अपने घर ले गया। जहां उसने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर पुत्र को छोड़ दिया। इसका पता चलने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच पुलिस निरीक्षक दर्शनसिंह कर रहे है।

### शिविर में 105 यूनिट रक्तदान

**उदयपुर, (कासं)।** शहीद भगतसिंह की जन्म जयंती के अवसर पर रविवार को जी 6 फार्मेसी, सेक्टर 6 पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर कुल 105 यूनिट रक्तदान हुआ। शिविर संयोजक अनूप औदिच्य ने बताया कि युवाओं के साथ युवतियों ने भी रक्तदान किया। जी6 फार्मेसी एवं रक्तदाता युवा वाहिनी की ओर से आयोजित शिविर महाराणा भुपाल चिकित्सालय की टीम द्वारा शिविर सम्पन्न हुआ। इस दौरान जी 6 फार्मेसी के कपिल शर्मा, पुनीत आमेटा, मयंक जैन, मुकेश सोनी, प्रदीप औदीच्य, नन्द किशोर, कपिल सोनी, रक्तदाता युवा वाहिनी से कमलेश आचार्य, दिनेश सोनी, रोहित जोशी के नेतृत्व में शिविर लगाया।


### दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के हाथीपोल थाना पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 16 सितंबर को पीड़िता ने रिपोर्ट दी कि 4 सितंबर को दीपक नामक लड़का मेरी नाबालिग पुत्री को घर के बाहर से उठा ले गया है। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रशील ठाकुर, पुलिस उप अधीक्षक तपेन्द्र मीणा के सुपरविजन में हाथीपोल थानाधिकारी योगेश चौहान के नेतृत्व में गठित दल ने पीडिता को दस्तियाब किया। जिसने पूछताछ में आरोपी द्वार दुष्कर्म करने की जानकारी दी। इस पर आरोपी छोटी सादडी प्रतापगढ़ हॉल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी गोवर्धन विलास निवासी दीपकसिंह पुत्र गोवर्धनसिंह को गिरफ्तार किया।

### रोगी परिक्षण एवं दवा वितरण शिविर

**उदयपुर, (कासं)।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर रविवार को जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के तत्वाधान में एक दिवसीय निशुल्क रोगी परिक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन आदर्श डिस्पेंसरी, श्रमजीवी कॉलेज में किया गया। कुलपति प्रो. एस एस सारंगदेवोत ने बताया की दवा बनाने से लेकर रोगी को दवा लेने के बारे में पूरी जानकारी देने तक में फार्मासिस्ट का अहम् योगदान होता है, और फार्मासिस्ट हमेशा से हैल्थकेयर सेक्टर में नेपथ्य में रह कर अपना काम करता रहा है।

# 'आदि महोत्सव के आयोजन को भव्य और रंगारंग बनाएं'



जिला कलैक्टर ने कोटड़ा में आदि महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया।

**उदयपुर, (कासं)।** पर्यटन के क्षेत्र में विश्व पटल पर अपनी विशिष्ट पहचान वाली लेकसिटी के पर्यटकों को सुरम्य ग्रामीण क्षेत्रों की ओर उन्मुख करने के उद्देश्य से आयोजित हो रहे आदि महोत्सव कोटडा 2022 की तैयारियां अंतिम चरण पर है।

उदयपुर जिला प्रशासन, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग व पर्यटन विभाग द्वारा जिले के जनजाति अंचल कोटड़ा ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित होने वाले विविध नवाचारों से युक्त इस महोत्सव में जहां विभिन्न संस्कृतियों का समन्वय देखने को मिलेगा, वहीं ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस भव्य आयोजन की तैयारियां जारी है। देश के विभिन्न शहरों से नामचीन कलाकार पहुंच रहे हैं। जिला कलैक्टर ताराचन्द मीणा रविवार को कोटडा दौरे पर रहे और उन्होंने आयोजन स्थल पर पहुंच कर महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने आयोजन के संबंध में संबंधित विभागों को सौंपे गए दायित्वों के अनुसार चर्चा करते हुए समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों पर्यटकों और अन्य मेहमानों के आगमन, आवागमन, बैठक व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर लगने वाली विभिन्न स्टॉल्स, यातायात व्यवस्था, पार्किंग, मंच, अल्पाहार भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए और कहा कि संबंधित विभाग आप से समन्वय स्थापित करते हुए आयोजन को भव्य और रंगारंग बनाएं। जिससे प्राकृतिक सौंदर्य से युक्त उदयपुर जिले के आदिवासी अंचल को एक नई पहचान मिले और उदयपुर में पर्यटन को बढ़ावा। आदि महोत्सव का आगाज मंगलवार 27 सितंबर को होगा। समारोह के प्रमुख अतिथि टीएडी मंत्री अर्जुनसिंह बामनिया, प्रभारी मत्री रामलाल जाट व अन्य गणमान्य अतिथि लोक वाद्य नंगाडा बजाकर इस महोत्सव का आगाज करेंगे। वहीं शुभारंभ से पूर्व अतिथियों का स्वागत सत्कार भारतीय संस्कृति के अनुसार तिलक लगाकर, पगडी पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर किया जाएगा।

# पेसिफिक में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



पेसिफिक में के-केट तकनीक पर कार्यशाला का आयोजन हुआ।

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक मेडिकल विवि के कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी की ओर से दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को सम्बोन्धित करते हुए फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर के.एम. अन्नामलाई ने फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों के बारे में जानकारी प्रदान की।

उन्होंने छात्रों को के-केट तकनीक के बारे में प्रैक्टिकल कर बताया। कार्यशाला के अवसर पर पेसिफिक ग्रुप के चेयरमैन राहुल अग्रवाल और सीईओ शरद कोठारी ने बताया कि बीटीएल और पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के बीच एक एमओयू हुआ है, जिसमें फिजियोथेरेपी से जुडे नवीनतम उपकरण और रिसर्च यहां के छात्रों के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। रिसर्च का समन्वय पेसिफिक कॉलेज आफ फिजियोथैरेपी के डीन डॉ.जफर खान और बीपीएल इंडिया के क्लीनिकल हेड डॉ. आनंद कुमार की देखरेख में होगा।

## शिक्षकों की परिवेदनाएं सुनी जाएंगी

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के दो दिवसीय जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोवर्धन विलास उदयपुर में आयोजित होगा। सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के तुरंत बाद 27 सितंबर 2022 को राजस्थान के शिक्षकों की स्थानांतरण एवं परिवेदना समिति के राज्य स्तरीय सचिव गोपाल सिंह आसोलिया द्वारा शिक्षकों से प्राप्त परिवेदनाओं को सुना जाएगा। परीक्षण बाद राजस्थान के शिक्षाविद,निष्कलंक और परिपक्व शिक्षा मंत्री डॉ बी डी कल्ला को भेजा जाएगा यह उल्लेखनीय है कि एकीकृत संगठन गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि का संगठन होने से शिक्षकों की परिवेदनाओं को पारदर्शी रूप से स्वीकार कर सरकार एवं शिक्षा मंत्री को समाधान के लिए भेजा जाता है।

# रन फॉर उदयपुर रैली में एक हजार से अधिक लोगों ने की शिरकत



रन फॉर रैली में पूर्व केन्द्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने भाग लिया।

**उदयपुर, (कासं)।** प्रताप गौरव केन्द्र, नगर निगम एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को हेरिटेज संरक्षण के संदेश को लेकर रन फॉर उदयपुर रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड समेत कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। रन फॉर उदयपुर में 1 हजार से ज्यादा युवाओं ने भाग लिया।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री राठौड ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इसमें अलग-अलग कॉलेजों और विद्यालय व कोचिंग सेंटर के स्टूडेंन्टस् शामिल थे। इसमे शहर की 70 से अधिक संस्थाए शामिल हुई। रैली सुबह 7 बजे टाउनहाल से शुरू हुई । सुरजपोल, अस्थल मन्दिर आरएमवी स्कूल कालाजी गोराजी समोर बाग भट्टियान चौहट्टा जगदीश मंदिर घंटाघर बडाबाजार भडभूजा घाटी मंडी की नाल तीज का चौक देहलीगेट श्रमजीवी कालेज होते हुए पुनः टाउनहाल पर सम्पन्न हुई। राठौड न कहा कि मेवाड स्वाभिमान की धरती है ऐसे मे इतिहास की जागरूकता बढाने के लिए रन फार उदयपुर के आयोजन को बेहतर प्रयास बताया। मेवाड का इतिहास महापुरुषो के इतिहास की प्रेरणा देने वाला है। युवाओ को इस धरती से ओर अधिक ऊर्जा मिलती रहती है यहां के इतिहास एवं संस्कृति को संरक्षित करने के लिए प्रयास जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि मेवाड़ का इतिहास सबसे बड़ा है। यहां एक नाम इतना बड़ा है कि गर्व से सीना चौडा हो जाता है। रन फार उदयपुर दौड से मोदी जी का फिट इंडिया का सपना भी पुरा हो रहा है।

इस दौरान राठौड़ ने राजस्थान में इन दिनों चल रही सियायत को लेकर भी कटाक्ष किए।उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस जो सियायत चला रही है उसमें राजस्थान कहीं नही है। कांग्रेस में हर व्यक्ति अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए काम कर रहा है। कांग्रेसी इन दिनों राजस्थान को भूल गए है। राज्यवर्धन ने मुख्यमंत्री गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर मुख्यमंत्री कानून व्यवस्था व अन्य मुद्दो पर ध्यान देते तो राजस्थान का आज यह हाल नहीं होता। राठौड़ ने भी युवाओं के साथ दौड में भाग लिया।इस दौड में स्टार प्रचारक के रूप में संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट, आई जी प्रफुल्ल कुमार, एसपी विकास शर्मा, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा सहित पुलिस विभाग के कई अधिकारियों ने भाग लिया।

## सार-समाचार

### युवक की अकाल मौत

**उदयपुर, (कासं)।** झडोल कस्बे मे मामा भाणेज घाटी में युवक का शव मिला। इसकी सूचना मिलने पर मृतक के पिता ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पुत्र की हत्या करने का ममला दर्ज करवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 सितंबर को झाडोल थान क्षेत्र मामा भाणेज घाटी रोड पर अज्ञात व्यक्ति का शव पडा होने की सूचना मिली। इस पर झाडोल थाना इंचार्ज मांगीलाल ने मौके पर पहुंच कर मृतक को झाड़ोल चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। जिसकी शिनाख्त पाबा पई निवासी शांतिलल पुत्र रतनलाल के रूप में कर परिजनों को सूचना दी। इस पर दूसरे नि आए रतनलाल पुत्र लालुराम भगोरा ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पुत्र शांतिलाल की हत्या करने की रिपोर्ट दी। इस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर रविवार को मृतक का पोस्टमार्टम करव शव परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मृत्यु के कारणों का पता चल पाएगा। एक वर्ष से शांतिलाल की पत्नी बच्चो सहित उसके पीहर अमरसुरा झाड़ोल में रह रही थी। शांतिलाल उनसे मिलने आया जाया करता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला का कंकाल मिला

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर के अम्बामाता थाना क्षैत्र में अज्ञात महिला का कंकाल मिला। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार अपरान्ह में शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र बड़ा मदार तालाब के समीप जंगल में अज्ञात महिला का कंकाल पड़ा होने की सूचना मिली। इस पर अम्बामाता थाना एसआई रामनारायण मौके पर पहुंचे। इधर सूचना मिलने पर पुलिस उप अधीक्षक तपेन्द्र ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया। अज्ञात मृतका का करीब डेढ से दो माह पुराना शव होकर कंकाल बचा हुआ था। इस पर एफएसएल टीम को बुलवा कर आवश्यक साक्ष्या जुटाए। इस ममाले में पुलिस ने मौके से शव को हटा कर वैकुण्ठ धाम की मदद से कंकाल का अंतिम संस्कार करवाया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के भुपालपुरा थाना पुलिस ने हिस्ट्रीशिटर के खिलाफ पीड़ित को जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित एस रोड़ खानपुर कॉलोनी भुपालपुरा निवासी देवेन्द्र जैन पुत्र पूरणमल जैन ने हिष्ट्रीशिटर सिल्वेस्टर उर्फ दिपु के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 23 सितंबर रात को मैं अपने घर में प्रवेश कर रहा था। इस दौरान बाइक लेकर आए आरेपी ने मुझे जान से मारने की धमकी दी तथा मेरे परिजनो के साथ गाली गलोज कर फरार हो गया। आरोपी ने इससे पूर्व मेरे पिता के भी धमकाया था। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### छेडछाड़ का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** कुराबड़ थाना पुलिस ने बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ पीडिता को रास्ते जाते रोक मारपीट कर छेड़छाड करने का मामला दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने बाइक सवार दो बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि 24 सितंबर को मैं अपने महिला अधिकारी को शिशवी बस स्टेण्ड पर छोड़ कर स्कूटी से वापस बाबारियाघटी पर जा रही थी। इस दौरान बाइक पर आए दो बदमशों ने पिछा किया तथा अश्लील कमेट करना शुरू कर दिया। इसका विरोध करने पर टक्कर मार निचे गिरा दिया। इसके बावजूद विरोध करने पर आरोपी पकडे जाने के भय से फरार हो गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### हिरासत से भागा बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के हिरणमगरी पुलिस थाने से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 23 सितंबर को सवीना थाना पुलिस धारा 151 में आरोपी न्यू कॉलोनी सवीना निवसी कमलेश डांगी पुत्र मोतीलाल डांगी को पकड़ कर थाने लाई थी। रात में टायलेट करने के बहाने पुलिस जाप्ता को चकमा देकर आरोपी फरार हो गया। इस मामले में जिलापुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर चन्द्रशील ठाकुर, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत, के सुपरविजन में सवीना थानाधिकारी रविन्द्र चारण के नेतृत्व में गठित दल ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर आरोपी कमलेश को सराड़ा के जंगलों से गिरफ्तार किया।

### जुआ खेलते 17 जने गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियानके दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर चन्द्रशील ठाकुर, पुलिस उप अधीक्षक तपेन्द्र शर्मा के सुपरवविजन में सुखेर थानधिकारी संजय शर्मा के नेतृत्व में गठित दल ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग 76 पर स्थित जोएमडी होटल में दबीश देकर जुआ खेलते 17 जुअरियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 1लाख 800 रूपये नकदी, ताश पत्ते, व चार कारें जब्त कर मामला दर्ज किया।

### होम्योपैथिक दवाइयों का वितरण किया

**उदयपुर, (कासं)।** लम्पी वायरस से गौ माता की रक्षा के लिए आयुर्वेदिक लड्डू एवं होम्योपैथिक दवाइयों का वितरण मारवाडी युवा मंच लेकसिटी उदयपुर तथा नंदेश्वर मंडल के संयुक्त तत्वाधान में पाई एवं पिपलिवास ग्राम पंचायत में किया। मुख्य अतिथी उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा रहे। लेकसिटी अध्यक्षा राजश्री वर्मा एवं पूर्व अध्यक्ष सौरभ जैन के नेतृत्व में ग्राम वासियों को दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रियंका जैन ने बताया कि किस प्रकार से इन दवाइयों को गौ माता को खिलाना है तथा क्या क्या सावधानियां रखनी है जिससे इस बीमारी से अधिक से अधिक गायों को बचाया जा सके।

### शिक्षक अधिवेशन की तैयारियां पूर्ण

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ उदयपुर द्वारा 27 और 28 सितंबर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 4 (बी एस एन एल ऑफिस के सामने) में होने वाले दो दिवसीय शिक्षक अधिवेशन की तैयारियों हेतु अधिवेशन पूर्व एक मीटिंग का आयोजन जिलाध्यक्ष विजय जैन की अध्यक्षता में किया गया। इस मीटिंग में निर्णय लिया गया कि उदयपुर के सभी ब्लॉक स्तर पर संगठन के चुनाव कराकर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाया जाएगा। अधिक से अधिक शिक्षक साथियों को संगठन में जोडकर संगठन की पहुंच उदयपुर जिले में दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचाई जाएगी। जिला अध्यक्ष विजय जैन ने बताया कि उदयपुर जिला बहुत ही बडे क्षेत्रफल में फैला हुआ है तथा प्रत्येक शिक्षक अपनी समस्याओं को जिला कार्यालय में आकर नहीं बता सकता, हल नहीं करवा सकता है। इस हेतु यह संगठन उन शिक्षकों की समस्याओं को जिला स्तर पर अधिकारियों के सामने रखकर हल करवाएगा।

# पंडित दीनदयाल के आदर्शों को जीवन में उतारें : दीया कुमारी



सेवा पखवाड़ा के तहत हुए कार्यक्रम को सांसद दीया कुमारी ने संबोधित किया।

**राजसमन्द, (निसं)।** एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर सांसद दीया कुमारी ने राजनगर फव्वारा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

सांसद दीया कुमारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल एक ऐसे भारत का निर्माण चाहते थे जो हमारे पूर्वजों के भारत से भी गौरवशाली हो। जहां हर व्यक्ति अपने व्यक्तित्व का विकास करते हुए मानव जाति का विकास करें। अपनी संस्कृति को पहचाने। हमारा उत्पादन बढे और उसका न्यायपूर्ण वितरण हो। राष्ट हित और मातृभाषा को सर्वोच्च स्थान मिले। स्वच्छ व आत्मनिर्भर भारत बने। इन विचारों को अगर किसी ने यथार्थ रूप दिया है तो वो है हमारे प्रधानमंत्री। सांसद ने कहा कि हमें भी पंडित दीनदयाल के आदर्शो को जीवन में अंगीकार करना चाहिये। कार्यक्रम के बाद सांसद दीया ने बूथ कमलोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर घरों पर स्टिकर स्थापित किये एवं युवा मोर्चा द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग किया।सांसद दीया कुमारी ने सेवा पखवाडे के तहत होने वाले कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी के प्रसारित सूरजकुंड धाम के महंत अवधेश ब्रह्मचारी महाराज के सानिध्य में आयोजित भव्य सनातन चातुर्मास कार्यक्रम मे तखतगढ जिला जालौर पहुंच कर सन्तो का आशीर्वाद लिया। सांसद दीया ने नेहा 58 गौमती से ब्यावर तक निर्माणधीन फोरलेन कार्य का निरक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्य के निर्देश दिए। यह फोरलेन कार्य विगत कई वर्षो से लंबित चल रहा था जिसको केंद्र सरकार की स्वीकृति पर फिर से शुरू किया गया है

# स्वास्थ्य परामर्श व जांच शिविर आयोजित

■ 782 विभिन्न बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों ने स्वास्थ्य परामर्श लिया

**उदयपुर, (कासं)।** एकात्म मानववाद के प्रणेता एवं भारतीय जनसंघ के प्रथम महामंत्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 106 वी जन्म जयंती पर स्व सुंदर सिंह भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विशाल निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शक्ति नगर स्थित सनातन मंदिर परिसर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम प्रभारी गजेंद्र भंडारी ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर शक्ति नगर स्थित सनातन मंदिर परिसर में आयोजित निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर का उद्घाटन ट्रस्ट अध्यक्ष नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने किया। इस निशुल्क चिकित्सा,स्वास्थ्य, परामर्श एवम जांच शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक बेरवा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ राधा रस्तोगी शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजेश मलिक अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ अनुराग तलेसरा दंत रोग विशेषज्ञ डॉ हिमांशु गुप्ता होम्योपैथिक विभाग के डॉक्टर लिली जैन डॉक्टर नवीन बिश्नोई डॉक्टर बबीता इसी प्रकार न्यूरो फिजिशियन डॉक्टर पंकज तापडयि डायबिटीज थायराइड ओस्ट्रोपोरोसिस विशेषज्ञ डॉ विनोद बोकडयि, पेट आंत पेनक्रियाज एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंकुर जैन हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हितेश यादव सीनियर फिजिशियन डॉक्टर ए के बापना ने अपनी निशुल्क सेवा प्रदान की जिसमे 782 विभिन्न बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों ने स्वास्थ्य परामर्श लिया।

इस अवसर पर आयोजित निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर में सबसे अधिक मरीजों ने मधुमेह की निशुल्क जांच करवाई, जे के मेडिकल के डॉक्टर पीयूष देवपुरा व उनकी टीम द्वारा फिजियोथेरेपी की गई जिसमे भी बडी संख्या में मरीजों ने लाभ लिया।

## शांति रैली 2 अक्टबर को

**उदयपुर, (कासं)।** महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति जिला उदयपुर के तत्वाधान में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में 2 अक्टूबर को होने वाले साप्ताहिक कार्यक्रम को लेकर रक्षाबंधन धानमंडी कार्यालय पर रविवार को बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की शुरुआत में महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला संयोजक पंकज कुमार शर्मा ने गांधी जी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर सूत की माला से एवं पुष्पांजलि अर्पित की। गांधी जयंती पर गुलाब बाग में गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि, सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं गुलाब बाग से शांति आनंदी होते हुए शहीद स्मारक तक रैली का आयोजन किया जाएगा। सप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण, श्रमदान गोष्टी, चित्रकला प्रतियोगिता, नुक्कड कार्यक्रम सहित कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। हित कई गणमान्य मौजूद थे।

**आम सुचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरा कायार्थी लक्ष्मणलाल गमेती पुत्र श्री देवीलाल गमेती, निवासी-गोवर्धन विलास, उदयपुर को सुनिल, डालचन्द पिता चोखालाल, कमला बाई पत्नि चोखालाल ने अपनी कृषि भुमि मानपुरा, सलुम्बर, खाता संख्या 202, आराजी नंबर 1148, 1149 व 1150 कुल क्षेत्रफल 2.0000, लगान 3,4700, में से उक्त तीनों का1/9 वां हिस्सा कुल 0.6666 है. को मेरे कायार्थी को बेचान कर दिया है। इस सुचना पर किसी को उजर हो तो अंदर मियाद 7 दिवस में खण्डन करें और मुझसे सम्पर्क करे। अन्यथा वह मेरे कायार्थी के मुकाबले शुन्य होगा।

दिनांक-23.9.22
स्थान-उदयपुर

अतीक अहमद शेख
(एडवोकेट राज. हाइकोर्ट)
32, गणेश नगर, पहाड़ा उदयपुर (राज.)